**आक्रोश** | वर्षों से काबिज भूमि पर जबरन बेदखली के नाम दो दर्जन से अधिक गांवों ने वन विभाग परिक्षेत्र कार्यालय किया घेराव

# मनमानी और कार्यप्रणाली से नाराज लोगों का गुस्सा फूटा



**ग्रामीण हितग्राही मूलक योजनाओं के लिए परेशान**

कैंप लगाया जाए। वनकर्मी उनके खेतों में जबरन कुछ बीज फेक रहे उसपर रोक लगाई जाए। ज्ञापन के दौरान तहसीलदार उमेश तिवारी द्वारा कुछ पर सहमति देते हुए कुछ पर शासन के समक्ष प्रस्ताव भेजने का बात मंच से कही गई-वन विभाग की कार्य प्रणाली से प्रताड़ित ग्रामीण एवं महिलाओं परिक्षेत्र कार्यालय का घेराव कर दिया गए। सैकड़ों की संख्या में शामिल लोगों द्वारा वन कर्मियों के खिलाफ नारेवाजी की गई। इसके अलावा परिक्षेत्र कार्यालय के सामने मुख्य सड़क पर जाम लगा दिया गया जिसे थाना प्रभारी मडियादो प्रीति पांडे द्वारा हटवाया गया।

**नवभारत,मडियादो/दमोह।** वफरक्षेत्र प्रबंधन मडियादो की मनमानी ओर कार्यप्रणाली से नाराज दो दर्जन से अधिक गांवो के लोगों का गुस्सा शुक्रवार को फूट पड़ा. कांग्रेस नेता प्रदीप खटीक ओर योगेश सराफ के नेतृत्व में हजारों की संख्या में लोग एकत्रित हुए। भारी संख्या में जुड़े लोगों द्वारा कलकुआं से मडियादो तक 12 किमी की पदयात्रा की गई। बाजार परिसर में मंच के माध्यम से पन्ना टाइगर रिजर्व के अंतर्गत आने वाले मडियादो वफ़रक्षेत्र क्षेत्र प्रबंधन के द्वारा ग्रामीणों के साथ की बदसलूकी, कानूनी कार्यवाही का अनावश्यक भय दिखाते हुए वन भूमि के साथ राजस्व भूमि में दखल देना,वर्षों से काबिज भूमि से जबरन ग्रामीणों को बेदखल करना,बेदखली के नाम पर घर का सामान जब्त करना, मकानों में तोड़ फोड़ ग्रामीणों को छोटी छोटी बातों पर परेशान करने, जंगली रास्ता,जलस्रोत आदि बंद करने जैसे मुद्दे पर संबोधन दिया गया। वहीं क्षेत्र की 13 मांगो के साथ तहसीलदार उमेश तिवारी को ज्ञापन दिया गया। विशाल जनसमूह के साथ ज्ञापन दिया गया जिसमें मांग रखी गई कि शासन द्वारा दिए भू- अधिकार पत्र जो निरस्त किए गए उन्हें बहाल किया जाए। वर्षों से काबिज लोगों को नियमानुसार नए भू अधिकार पत्र जारी किए। जंगली रास्ते जिनसे एक गांव से दूसरे गांव आसानी से पहुंच सकते है वन विभाग द्वारा बंद उन रास्तों को खोला जाए। दैनिक उपयोग के लिए सूखी लकड़ी बीनने, विनोला पत्थर, मिट्टी आदि लाने से रोक हटाई जाए। दाह संस्कार के मडियादो में लकड़ी नहीं मिलती जिससे परेशानी होती। सुविधा के उद्देश्य से सरकारी डिपो खोली जाए। इस दौरान कुछ लोग वन परिक्षेत्र से गमले ओर पौधे ले गए। दूसरी बार चक्काजाम बाजार परिसर में किया गया जो ज्ञापन सौंपने के बाद हटा।कांग्रेस नेता प्रदीप खटीक ने मंच से नाम लिए कहा कि यहां ऐसे जनप्रतिनिधि है जिन्हें आपने 50 हजार,60 हजार वोटो से चुना है, उन्होंने पंचायतों में अपने दलाल बैठा रखे है।15 से 20 परसेंट कमीशन चाहिए विधायक को। यहां जंगल के लोग मर रहे है विधायक सांसद को सुनने की फुर्सत नहीं है। क्योंकि कमीशनखोरी में यहां के अधिकारी कर्मचारी से पैसे खाने में मशगूल है। आपके दुख दर्द में जुड़ने के लिए समय नहीं। इस दौरान मंच पर ब्रजेश गुप्ता, अनमोल छिरोलिया, रानू पाठक, सुजीत सिंह, सुजात खान, उपस्थित रहे।

**नशा नहीं करने की शपथ दिलाई**

वहीं चक्का जाम कर रहे कुछ लोगों के बीच पहुंची थाना प्रभारी प्रीति पांडे द्वारा युवाओं से अपील की कि वह संकल्प ले कि नशा नहीं करेंगे .चक्काजाम के बीच शपथ दिलाई गई ओर चक्काजाम हटा दिया गया.



# टी-शर्ट टाइगर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**टीशर्ट पर विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक आकृतियां उकेरी**

**नवभारत,दमोह।** वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व सागर,दमोह नरसिंहपुर के अधिकारियों द्वारा स्कूली शिक्षा के चित्रकला में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों हेतु टी-शर्ट टाइगर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन उत्कृष्ट विद्यालय के सभा कक्ष में किया गया। प्रतियोगिता में दमोह शहर के 10 विद्यालयों के 120 विद्यार्थियों ने भाग लिया।सभी विद्यार्थियों को एक-एक टी-शर्ट पर टाइगर अथवा कोई भी वन्य जीव की आकृति चित्रित करने हेतु कहा गया। विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक आकृतियों का चित्रण टी-शर्ट पर किया। चित्रों को देखकर अधिकारियों को भी विश्वास नहीं हुआ कि हमारे विद्यार्थी हु बहू इतनी आकर्षक पेंटिंग कर सकते हैं। शहर के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय दमोह, सांदीपनि विद्यालय दमोह, एमएलबी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह ,जेपीबी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह, केसोरम पांडे कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह, सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी दमोह,सेंट नॉरबर्ट सीनियर सेकेंडरी दमोह, नव जागृति विद्यालय दमोह, डीपीसी दमोह व सरस्वती शिशु विद्यालय दमोह के प्रतिभागियों ने भाग लिया। वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के वन मंडल अधिकारी रजनीश सिंह के निर्देशन पर गेम परिक्षेत्र अधिकारी सिंगौरगढ़ एम .ए. कुरेशी, वनरक्षक हेमंत कुमार सेन, विवेक रावत प्रतियोगिता में उपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी सत्यम चौरसिया, उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य आर पी पटेल प्रतियोगिता प्रभारी मोहन राय व विभिन्न विद्यालयों से आए हुए मार्गदर्शी शिक्षकों ने प्रतियोगिता संपन्न कराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया।

## एक नजर में



### पिता अपनी पत्नी व ससुराल वालो को बिना बताए पुत्र कों लेकर हुआ गायब

**नवभारत,तेंदूखेड़ा/दमोह।** थाना अंतर्गत सैलवाड़ा ग्राम मे एक युवक अपनी पत्नी कों बिना बताए अपने पुत्र को अपनी ससुराल से लेकर भाग आया पत्नी के मायके में बच्चा गायब होने का हल्ला मच गया। पत्नी ने अपने परिजनों के साथ तेंदूखेड़ा में बच्चा गायब होने की सूचना दी। जिसपर तेंदूखेड़ा टीआई सरोज ठाकुर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल पुलिस बल को बच्चे को तलाश करने भेजा पुलिस ने 1 घंटे के अंदर ही बच्चे को तलाश कर उसकी मां के हबाले कर दिया ।इस संबध में टीआई सरोज ठाकुर ने बताया की बालक का पिता अपनी पत्नी और ससुराल वालो को बिना बताए बच्चे को लेकर आ गया था और अपनी बहन जो नरगुवां ग्राम में रहती है बहन के पास को छोड़ कर कहीं चला गया था। पुलिस ने सूत्रों से जानकारी प्राप्त कर बच्चे को खोज कर महिला के सुपर्द कर दिया। पुलिस की त्वातरित कार्यवाही की लोग सरहाना कर रहे है।



### चेक बाउंस के प्रकरणों की विशेष लोक अदालत आयोजित

**नवभारत,दमोह।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दमोह सुभाष सोलंकी के कुशल मार्गदर्शन में शनिवार को संपूर्ण जिले में परक्राम्य लिखत अधिनियम (एन.आई. एक्ट.) के अंतर्गत विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया ।विशेष लोक अदालत हेतु अध्यक्ष के द्वारा संपूर्ण जिले में कुल 06 खण्डपीठों का गठन किया गया था, जिसमें पीठासीन अधिकारी के अतिरिक्त 1-1 सुलहकर्ता सदस्य की नियुक्ति की गई थी। आयोजित विशेष लोक अदालत में चौक अनादरण के न्यायालय में लंबित कुल 30 प्रकरण रखे गये थे, जिसमें पक्षकारों की आपसी सहमति के आधार पर कुल 11 प्रकरण निराकृत किये गये, जिसमें कुल 51,67,050 रूपये के अवार्ड पारित किये गये।



### कलेक्टर ने स्कूल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और आंगनवाड़ी का किया औचक निरीक्षण

**नवभारत,पटेरा/दमोह।** जिले में शासकीय संस्थाओं की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं जनहितैषी बनाने के उद्देश्य से दमोह कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने शनिवार को पटेरा विकासखंड के विभिन्न शासकीय विद्यालयों,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा आंगनवाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं का लिया जायजा,कमियां मिलने पर दिए सख्त निर्देश। मिड-डे मील, स्वास्थ्य सेवाओं और पोषण व्यवस्थाओं की जांच, विद्यार्थियों से संवाद कर नियमित अध्ययन के लिए किया प्रेरित उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया।



# स्कूल में बच्चों को दिया नशा मुक्ति का संदेश

**नवभारत,दमोह।** नशे के खिलाफ जागरूकता और साइबर अपराधों से बचाव के लिए तेजगढ़-इमलिया पुलिस द्वारा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इमलिया घाट में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया ।अभियान के तहत स्कूली बच्चों को नशे से दूरी है जरूरी का संदेश देते हुए नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई ।साथ ही बच्चों को साइबर सुरक्षा के गुण भी सिखाए गए ताकि वे ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक और सोशल मीडिया के दुरुपयोग से बच सकें ।कार्यक्रम में तेजगढ़ थाना प्रभारी अरविंद सिंह ठाकुर,चौकी प्रभारी रमाशंकर मिश्रा,इमलिया सरपंच अजय सिंह लोधी, शाला प्राचार्य सुनीता बाथम सहित पुलिस स्टाफ आदि रहें ।

# सीसीआरटी की 10 दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन

**51 शिक्षकों को प्रदान किए गए प्रमाण-पत्र**



**नवभारत,दमोह।** सांस्कृतिक स्त्रोत व प्रशिक्षण केंद्र (सीसीआरटी), क्षेत्रीय केंद्र, दमोह (संस्कृति मंत्रालय,भारत सरकार) द्वारा 08 से 17 जुलाई, 2026 तक आयोजित विद्यालयी शिक्षा में हस्तकला कौशल का समावेश विषयक 10 दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यशाला में देश के 08 राज्यों से 51 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सहभागिता की ।समापन समारोह के मुख्य अतिथि भाव सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी रहे। उन्होंने शिक्षकों द्वारा तैयार किए गए लेसन प्लान, क्राफ्ट सामग्री व वर्कशीट का अवलोकन कर उनकी सराहना की। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि ष्शिक्षक समाज की रीढ़ हैं और उनके माध्यम से ही राष्ट्र का भविष्य निर्मित होता है ।ष् उन्होंने इसे मध्यप्रदेश एवं दमोह के लिए गौरव का विषय बताया कि देश के विभिन्न राज्यों के शिक्षक सीसीआरटी क्षेत्रीय केंद्र, दमोह में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा सभी 51प्रतिभागी शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए ।आशुतोष शर्मा, उपनिदेशक के निर्देशन में हुआ कार्यक्रम।



# विधायक व पूर्व वित्त मंत्री के माध्यम से 14 सूत्री मांग पत्र सौंपा

**नवभारत,दमोह।** प्रांतीय आवाहन पर प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा दमोह द्वारा मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव को जयंत मलैया स्थानीय विधायक व पूर्व वित्त मंत्री के माध्यम से 14 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष व अध्यक्ष,संयुक्त पेंशनर्स मोर्चा स्वामी अशोक तिवारी द्वारा एक मांग कि पेंशनर्स को राहत राशि स्वीकृत करने के लिए छत्तीसगढ़ से स्वीकृति प्राप्त करने की बाध्यता समाप्त करने के लिए मुख्य मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए शेष मांगे यथा केंद्र के समान उसी दिनांक से राहत स्वीकृत करने,न्यायालय के निर्णय अनुसार 32 माह के एरियर की राशि का 6 प्रतिशत ब्याज सहित भुगतान करने,हिमाचल सरकार की तरह हर 5वर्ष में पेंशन में वृद्धि करने विद्युत मंडल के कर्मचारियों को भी कोषालय से पेंशन देने,सभी पेंशन पुनरीक्षण समय पर करने,जिला स्तर पर पेंशन कल्याण समिति,फोरम की बैठक नियमित बुलाने,जिला में पेंशन कार्यालय यथावत रखने आदि मांगो पर शीघ्र निर्णय लिए जाने हेतु ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजने अनुरोध किया गया।

# कांग्रेस संगठन में हीरा सिंह को बड़ी जिम्मेदारी, कार्यकर्ताओं में उत्साह

**राजीव गांधी पंचायती राज संगठन में बने प्रदेश सचिव**



**नवभारत,दमोह।** जिले की जबेरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पतलोनी के कांग्रेस के सक्रिय, कर्मठ एवं लंबे समय से संगठन के प्रति समर्पित कार्यकर्ता हीरा सिंह लोधी को राजीव गांधी पंचायती राज संगठन, मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी में प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के निर्देशानुसार संगठन प्रभारी एवं महासचिव डॉ. संजय कामले तथा महामंत्री महेंद्र सिंह चौहान की सहमति से की गई ।इस नियुक्ति की खबर सामने आते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यकर्ताओं ने इसे संगठन में निष्ठावान कार्यकर्ताओं के सम्मान के रूप में बताते हुए हीरा सिंह लोधी को शुभकामनाएं दीं ।नियुक्ति के बाद हीरा सिंह लोधी ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जिस विश्वास के साथ उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि वे गांव-गांव तक कांग्रेस संगठन को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को जोड़ने और जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाने के लिए निरंतर कार्य करेंगे ।इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मानक पटेल, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनु मिश्रा, रतन चंद्र जैन, उपाध्यक्ष परम सिंह यादव, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष दृगपाल सिंह लोधी, जिला पंचायत सदस्य रजनी ठाकुर, जनपद अध्यक्ष तुलाराम यादव, तेंदूखेड़ा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष निलेश यादव, सेवा दल ब्लॉक अध्यक्ष मुन्ना सिंगाई, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रघुनाथ यादव, कैलाश सेठ, विनोद सिंगाई, पंचम सिंह, पूर्व सरपंच राजेंद्र व्यास, गांधी सिंह,खमरिया मंडल अध्यक्ष भगवत सिंह लोधी,मकुदी सिंह पटेल, पूर्व सरपंच उदेत प्रसाद,मंडल अध्यक्ष महेश प्रसाद अहिरवार, कुटाई वंशकार, मनी झरिया सहित अनेक कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने हीरा सिंह लोधी को शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की

# पुलिस अधीक्षक ने मोटरसाईकिल से किया रात्रिकालीन भ्रमण

**संवेदनशील क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्तियों की सघन तलाशी लेकर दी समझाइश**



**नवभारत,दमोह।** पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (भापुसे) द्वारा देर रात नगर पुलिस अधीक्षक (सीएसपी एचआर पांडे) दमोह, यातायात प्रभारी दलबीरसिंह मार्को, उप निरीक्षक नीतेश जैन, थाना प्रभारी दमोह देहात धर्मेंद्र उपाध्याय, बल प्रभारी कोतवाली व पुलिस बल के साथ रात्रि में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने व अपराधों की रोकथाम के उद्देश्य से पैदल व मोटरसाइकिल से रात्रिकालीन भ्रमण किया गया ।भ्रमण के दौरान पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि ने अधिकारियों के साथ स्वयं मोटरसाइकिल से शहर के विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान रेल्वे स्टेशन, जटाशंकर पहाड़ी, तहसील ग्राउंड, शहर के प्रमुख चौराहों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों एवं असामाजिक तत्वों के संभावित स्थलों पर सघन भ्रमण किया गया। संदिग्ध व्यक्तियों की सघन तलाशी (फ्रिस्किंग) लेकर उनकी पहचान व गतिविधियों का सत्यापन किया गया।

# देशी शराब दुकान के मैनेजर पर हमला



**कुम्हारी नवभारत।** थाना क्षेत्र की घटना बीती रात देशी शराब में कार्यरत मैनेजर विनोद राय निवासी पटेरिया को अज्ञात लोगों ने विश्वकर्मा पेट्रोल पंप, यादव ढाबा के पास तलवार लोहे की रॉड और डंडे से हमला कर 2100 रुपये और हाथ की घड़ी छीन ली। विनोद राय पर हमले की जैसे ही देसी शराब दुकान में कार्यरत कर्मचारियों को जानकारी लगी तरे 112 डायल किया और उसकी मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटेरा ले गए। वहां से घायल को जिला अस्पताल रेफर गया, जहां इलाज जारी है। पुलिस सीटी फुटेज की मदद से हमलावरों को पकड़ने का प्रयास कर रही है।

### जबेरा विधानसभा के क्षेत्रवासियों की सुविधा के लिए जनसुनवाई

**नवभारत,जबेरा/दमोह।** जिले की जबेरा विधानसभा के क्षेत्रवासियों की सुविधा के लिए प्रत्येक शनिवार को प्रात:11 बजे से से दोपहर 1 बजे तक जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है. कुल 72 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें संभवत: समस्याओं के निराकरण एसडीएम सीजी गोस्वामी व प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा त्वरित किये गये गए ।मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी की अनुपस्थिति में सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन की उपस्थिति रही ।रूपेश ने कहा कि इस जनसुनवाई के माध्यम से मंत्री लोधी की भावना है कि पात्र हितग्राहियों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर ना लगाना पड़े ।

# दुकान का शटर तोड़कर 6500 रुपये और गुटखे के पैकेट चोरी

**पुलिस जांच में जुटी**



**नवभारत,दमोह।** शहर के हृदय स्थल घंटाघर के समीप बूंदाबहु कॉम्प्लेक्स में दुकान का ताला तोड़कर चोरी की वारदात सामने आई है ।यह मामला सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत का है। दुकान के प्रोप्राइटर लखन दुबे की दुकान के शटर के ताले अज्ञात चोरों ने तोड़ दिए। इसके बाद दुकान के ड्रॉज में रखे 6500 रुपये और 10 राजश्री गुटखे के पैकेट निकालकर ले गए ।घटना की सूचना शनिवार सुबह पुलिस को मिली। सूचना पर फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट सुरेंद्र सिंह तोमर सहित पुलिस टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाकर जांच शुरू की ।पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

**खुलासा** | 9 आरोपियों को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया, 3 फरार

# अवैध हथियारों के अंतर जिला गिरोह का भंडाफोड़

**नवभारत,दमोह। पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (भापुसे) के निर्देशन में हटा पुलिस ने अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले अंतर जिला गिरोह का शनिवार को पर्दाफाश किया है.शहर के जबलपुर नाका स्थित पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसपी आनंद कलादगि (भापुसे) ने पूरी कार्रवाई का खुलासा किया।**

### एसडीओपी केपी सिंह के नेतृत्व में हुई कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यह कार्रवाई एसडीओपी सुजीत सिंह भदौरिया और एसडीओपी हटा के.पी. सिंह के नेतृत्व में गठित अनुभाग स्तरीय टीम द्वारा अंजाम दी गई। टीम ने घेराबंदी कर आरोपियों को अवैध हथियारों के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया।



### 9 आरोपी गिरफ्तार,3 फरार

इनके नाम हैं- यश उर्फ बंदर अहिरवार निवासी जबलपुर जीवनलाल वंशकार निवासी कटनी निखिल साहू निवासी हटा अनुज चक्रवर्ती निवासी हटा जय हिंद यादव निवासी पन्ना दीपक सिंह-निवासी हटा आशीष लोधी निवासी कटनी दिनेश यादव निवासी कुम्हारी जसवंत बर्मन निवासी हटा वहीं सत्यम रैकवार, उत्कर्ष साहू और अरविंद विश्वकर्मा तीनों आरोपी हटा निवासी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए ।उनकी तलाश जारी है।

### जब्ती और प्रकरण

आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 3 पिस्टल, 2 देसी कट्टे और 9 जिंदा कारतूस जप्त किए हैं। अलग-अलग प्रकरणों में कुल 11 लोगों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धारा 25/27 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं ।पकड़े गए आरोपी दमोह जिले के साथ ही दमोह की सीमा से लगे जिले के जबलपुर, कटनी और पन्ना से संबंधित हैं ।एसपी आनंद कलादगि ने बताया कि जिले में अवैध हथियारों और अपराध पर अंकुश लगाने के लिए आगे भी सख्त अभियान चलाया जाएगा।

### सुधीर कुमार बेगी और धर्मेंद्र गुर्जर के नेतृत्व में टीम गठित

एसडीओपी हटा केपी सिंह के मार्गदर्शन में दो टीमे गठित की गई। जिसमें एक टीम में सुधीर कुमार बेगी थाना हटा व दूसरी टीम का नेतृत्व उप निरीक्षक धर्मेंद्र गुर्जर थाना प्रभारी पटेरा द्वारा किया गया। सराहनीय भूमिका में एएसआई मलखान सिंह,प्रधान आरक्षक महेंद्र बाबू,बीडी दाहिया, रूपलाल, महेश यादव, साइबर सेल सौरभ टंडन, राकेश अठया, निखिल परस्ते,प्रधान आरक्षक रामकिशोर,सूर्यकांत पांडे,आरक्षक बलवंत लोधी,थाना हटा से अनिल गौतम, कमल ठाकुर,आरक्षक अभिषेक बरोलिया, विजय गंधर्व देवेंद्र मिश्रा, शुभम नामदेव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# संदिग्ध ऑटो रिक्शा में मिली सागौन की लकड़ी

**वन विभाग की बड़ी कार्रवाई**



**नवभारत,दमोह। वनमण्डलाधिकारी ईश्वर जरांडे व अनुविभागीय अधिकारी (वन) एम.डी.मानिकपुरी के निर्देशन में वन परिक्षेत्र अधिकारी विक्रम चौधरी द्वारा अवैध सागौन परिवहन के विरुद्ध कार्यवाही की गई ।कार्यवाही के दौरान एक ऑटो द्वारा सागौन लकड़ी ले जाने की सूचना प्राप्त हुई।**

सूचना पर वन अमला दमोह बाईपास स्थित कंकाली चौराहा के पास तैनात किया गया। संदिग्ध ऑटो के पहुंचते ही उसे रोककर जांच की गई, जिसमें पीछे की सीट एवं उसके पीछे 08 नग सागौन की लकड़ी (लट्ठा) अवैध रूप से परिवहन करते पाई गई। पूछताछ में चालक ने अपना नाम तन्नू यादव, पिता मन्नूलाल यादव, निवासी मरहर तथा साथ में मौजूद व्यक्ति ने छोटू ठाकुर, पिता कल्लू ठाकुर, निवासी मानसपाठ बताया। आरोपियों ने लकड़ी ग्राम टपरियाऊ से दमोह लाना स्वीकार किया ।तत्काल वैधानिक कार्यवाही करते हुए ऑटो व 08 नग सागौन लकड़ी जप्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया तथा वन अधिनियम के अंतर्गत आगे की कार्यवाही की जा रही है।

इस कार्यवाही में परिक्षेत्र सहायक दमोह पश्चिम देवेंद्र शुक्ला, वन रक्षक राकेश सरवरिया, अमन ठाकुर, लच्छू अहिरवार, हरिशंकर अहिरवार,मूल सिंह इत्यादि की अहम भूमिका रही।